तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026



11 साहू समाज का वार्षिक पारिवारिक मिलन और सम्मान ...



12 डांडेसरा में दो दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ ...






## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा की जानकारी जागरूकता रथ से मिली



**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को यातायात जागरूकता रथ गुण्डरदेही नगर के बाजार स्थल, धमतरी चौक, बस स्टैंड व अन्य सार्वजनिक जगह मे सड़क सुरक्षा पाम्पलेट वितरण कर आम जनों को जागरूक किया। जागरूकता रैली के माध्यम से आम जनों को यातायात नियमों का पालन करने, हमेशा हेलमेट–सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने का संदेश देते हुए जागरूक करने का प्रयास किया गया है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन मे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है।

### हितग्राहियों को गैस सिलेंडर व चूल्हा वितरित



**बालोद/कलंगपुर।** शासन की उज्वला योजना के तहत गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत भटगांव में लगभग 21 पात्र महिला हितग्राहियों को गैस सिलेंडर व चुल्हा वितरण किया गया। इस दौरान महिला हितग्राहियों ने निःशुल्क गैस सिलेंडर व चुल्हा पाकर खुशी जाहिर करते हुए शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच भारती साहू, सचिव भूपेश साहू, उपसरपंच ताराचंद चतुर्वेदी सहित पंचगण उपस्थित थे।

### ग्राम लाटाबोड़ में मड़ई मेला 19 जनवरी को

**लाटाबोड़।** आदर्श ग्राम लाटाबोड़ में 19 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामीण चंद्रहास सोरी ने बताया ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ही नाच पार्टी सोन के मुंदरी पोटियाडीह (धमतरी) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### पेंशनधारी संघ की मासिक बैठक 13 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 13 जनवरी को आयोजित किया गया है। जिसमें भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा पेंशनरो का सम्मान किया जायेगा, साथ ही ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेसर का भी जाँच किया जायेगा। अध्यक्ष पेंशन धारी कल्याण संघ आरएम चावड़ा ने बताया पूर्व में आयोजित 6 जनवरी 2026 का बैठक स्थगित किया गया है।

### ताला तोड़कर नकदी सहित जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार किया गया।शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ब्लाक 12/9 हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी हरेन्द्र पाल परिवार समेत मकान में ताला जड़कर गृह ग्राम लहेजी सिवान बिहार गया हुआ था। 30 दिसंबर की सुबह पड़ोसी ने फोन कर सूचना दिया की मकान के पीछे का गेट टूटा हुआ है। 2 जनवरी को वापस गांव से लौटने पर मकान के भीतर प्रवेश करने पर देखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से सोना चांदी के जेवरात व नगदी रकम 30 हजार रुपये गायब मिले। खोजबीन करने के बाद सामान नहीं मिलने पर परिजनों ने शिकायत पुलिस से किया। चोरी हुए सामानों की कगीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

# भोथली ग्राम के निस्तारी तालाब का पानी प्रदूषित, ग्रामीण सफाई की लगातार लगा रहे गुहार

## सालों से नहीं हुई 12 एकड़ के तालाब की सफाई, महामारी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम भोथली का प्रमुख निस्तारी तालाब का पानी खराब हो गया है। पानी हरा होने के साथ बदबूदार हो गया है। ग्रामीण पूरे तालाब को खाली कराकर उसकी सफाई कराने की मांग कर रहे है। पंचायत से लेकर जिला तक ग्रामीण गुहार लगा चुके है। 2000 की आबादी वाले ग्राम भोथली की निस्तारी ग्राम के मध्य स्थित गांव तालाब पर निर्भर है।

- 2000 आबादी वाले ग्राम के लिए मुख्य निस्तारी स्रोत है

12 एकड़ में फैले तालाब में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नही है। यह तालाब बारिस के पानी पर ही निर्भर है। उसमे पानी आने का कोई दूसरा माध्यम भी नही है। इस तालाब की बीते 17 सालो से सफाई नही हुई है। ग्राम में कुल 3 तालाब एवं 5 डबरी है। 5 डबरी बरसात के बाद सूख जाते है। 2 अन्य तालाब में भी पानी नाम मात्र का बचता है। गांव तालाब ही ग्रामीणो के निस्तार का मुख्य माध्यम है। तालाब की सफाई नही होने एवं पानी निकासी की व्यवस्था नही होने से तालाब का पानी गाढ़ा होने लगा है। इसका रंग बदलकर हरा हो गया है, पानी से बदबू आने लगी है। अन्य कोई विकल्प नही होने के कारण ग्रामीण मजबूरी मे इस गंदे पानी में निस्तारी कर रहे है, जिससे कभी भी महामारी फैलने की आशंका उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणो ने बताया कि तालाब के पानी से खुजली जैसी शिकायते होने लगी है।

### सक्रमण का खतरा

ग्रामीण बीते तीन सालो से तालाब के पानी को निकालने व सफाई करने की मांग कर रहे है। ग्रामीणो ने बताया कि पानी को नाली बनाकर नही निकाला जा सकता। इस पानी को मोटर पंप लगातार खाली किया जा सकता है। पानी गंदा व बदबूदार होने से उसे भूमि में भी रिचार्ज नही किया जा सकता।



### आवेदन दिया

सरपंच चुन्नी बाई साहू ने कहा पंचायत लगातार आवेदन देकर तालाब की सफाई की मांग कर रही है। बीते एक साल से हम लगातार प्रयास कर रहे है। अधिकारी आकर निरीक्षण भी कर चुके है, लेकिन प्रक्रिया आगे नही बढ़ रही है, गंदे पानी से ग्रामीणो में महामारी फैलने की आशंका बढ़ गई है।

## मनमानी : नलकूप निर्माण अधूरा छोड़ा, केवल 10 फीट केंसिंग डाली गई

# सुर्रा में खाद गोदाम व कार्यालय भवन जर्जर अधूरे कार्य का एनओसी मांगने पहुंचा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सहकारी समिति सुर्रा में नव निर्मित खाद गोदाम एवं कार्यालय भवन लोकार्पण के एक साल बाद ही जर्जर हो गया। नल कूप का खनन अधूरा किया गया, उसके बाद भी निर्माणकर्ता ठेकेदार समिति में एनओसी मांगने पहुंच गया। समिति के प्राधिकृत ने कार्य को पूर्ण करने एवं जर्जर भवन को पूरी तरह ठीक करने के बाद एनओसी देने की बात कहकर बैरंग लौटा दिया। विकासखण्ड में ठेकेदार द्वारा अधूरे कार्य की एनओसी मांगने की यह दूसरा मामला आया है। इसके पूर्व ग्राम पंचायत अरमरीकला में अधूरे एवं गुणवत्ताहीन पानी टंकी व पाईप लाईन का एनओसी मांगने ठेकेदार पहुंचा था।

- विकासखंड में अधूरे कार्य की एनओसी मांग का दूसरा मामला

सेवा सहकारी समिति सुर्रा में तीन वर्ष पूर्व खाद गोदाम एवं कार्यालय भवन का निर्माण किया गया था। यह कार्य किसने करवाया यह कोई नही जानता क्योकि कार्य स्थल पर कभी सूचना पटल नही लगाया गया। बहरहाल भवन का लोकार्पण 9 दिसंबर 2022 को किया गया। लोकार्पण के कुछ माह बाद ही भवन में दरारे आने लगी थी। फर्स धंसने लगे थे। लोकार्पण के एक वर्श के अंदर ही भवन की दरारो की संख्या मे बढ़ोत्तरी होने लगी। भवन मे दर्जनो जगह बड़ी बड़ी दरारे आज भी विद्यमान है। निर्माण कार्य में नलकूप खनन का भी प्रावधान था, लेकिन उसे अधूरा कर मात्र 10 फीट केंसिंग डालकर छोड़ दिया गया था, जिससे समिति में नलकूप से पानी नही मिल रहा था।




### कलेक्टर से शिकायत

भवन की फर्स भी धंसने व उखड़ने लगी है। समिति में दिसंबर 2024 मे प्राधिकृत अधिकारी बने केवलसिंह चंदेल ने भवन की स्थिति को देखकर मामले की शिकायत कलेक्टर बालोद से की गई। यह शिकायत 31 दिसंबर 2024 को की गई। शिकायत के बाद ठेकेदार ने बोर खनन पूर्ण कर उसमे पर्याप्त केंसिंग डाला, लेकिन भवन का मरम्मत नही किया। मामले में नल कूप की मरम्मत करने के बाद ठेकेदार समिति में कार्य की एनओसी मांगने पहुंच गया। जबकि भवन की दरारो को भरा नही गया एवं मरम्मत भी नही कराई गई। समिति के प्राधिकृत अधिकारी केवल चंदेल ने बताया भवन के जर्जर होने एवं अधूरे नलकूप की शिकायत के बाद ठेकेदार ने नलकूप को तो ठीक कर दिया, लेकिन भवन की मरम्मत नही कर रहा है। भवन इतना जर्जर हो गया है कि यहां कभी भी खतरा हो सकता है, यह कार्य हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराया गया है क्योकि वही के अधिकारी ने हमसे चर्चा की थी।

# कार-ट्रक की भीषण टक्कर 3 घायल, ट्रक चालक फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर बालोद–कुसुमकसा मुख्य मार्ग में आवास पारा कुसुमकसा के समीप रविवार रात्रि लगभग 8 बजे कार और ट्रक के बीच हुई जबरदस्त टक्कर से हड़कंप मच गया। हादसे में कार चालक सहित उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि आवाज सुनकर आवास पारा के ग्रामीण किसी अनहोनी की आशंका में मुख्य मार्ग की ओर दौड़ पड़े।

- सूचना मिलते ही राजहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची

ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे चालक समेत तीनों घायलों को बाहर निकाला और निजी वाहन से उपचार के लिए दल्लीराजहरा स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, जबकि दो घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उनका इलाज निजी अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बालोद से कुसुमकसा की ओर आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 13 बीए 9299 और कुसुमकसा से बालोद की ओर जा रही मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 07 एएक्स 6117 के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर के कारण कार का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही राजहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। राजहरा थाना के उप निरीक्षक कांता राम ने बताया कि घटना को लेकर रात्रि में ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फरार ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए) तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत कार्रवाई करते हुए मामले को विवेचना में लिया गया है।

# अंतरजिला चोर गिरोह बालोद पुलिस की गिरफ्त में, 3 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतर्जिला चोर गिरोह को पकड़ने के साथ बालोद पुलिस ने चोरी के सोने, चांदी के जेवरात बरामद किया है। आरोपी आटो मे घूम घूम कर ताला बंद सूने मकानो का रेकी करते थे तथा रात्रि में जाकर चोरी करते थे। त्रिनयन एप के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिला। आरोपियो के कब्जे से 3 लाख कीमत के सोने व चांदी के जेवरात व घटना में प्रयुक्त 01 नग आटो, 01 नग कटर बरामद किया गया।

- आटो में घूम-घूम कर सूने मकानों की रेकी, रात में चोरी

26 दिसंबर 2025 को ग्राम ओटेबंद थाना गुण्डरदेही प्रार्थी के घर के बाहर लगे ताला को तोड़कर आलमारी से सोने–चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी की घटना के बाद घटना स्थल में डाग स्क्वाड को बुलाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गुण्डरदेही में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

गठित विशेष टीम द्वारा त्रिनयन एप के माध्यम से सीसीटीवी कैमरा फुटेज को प्राप्त कर टीम द्वारा बारीकी से एनालिसिस करने पर संदिग्ध आटो में कुछ व्यक्ति दिखे, जो घटना दिनांक समय पर मौजूद थे। जिसे टीम द्वारा चिन्हांकित किया गया, टीम गुण्डरदेही, ओटेबंद, अण्डा, दुर्ग, भिलाई लगे सैकड़ो सीसीटीवी कैमरों का फुटेज को प्राप्त कर एनालिसिस किया गया, साथ ही तकनीकी टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर कार्य किया गया। टीम द्वारा रात दिन भिलाई के आस पास कैम्प कर संदिग्ध आटो की पहचान करने का प्रयास किया गया, जिसमें आटो का नम्बर प्लेट फर्जी होना पाया गया। अंधेरा के कारण सभी का चेहरा स्पष्ट नही हो पा रहा था।

पुलिस ने बताया टीम द्वारा प्रकरण के 03 आरोपियों को चिन्हांकित कर उसे भिलाई से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी अब्दुल थाना जामुल क्षेत्र का निगरानी बदमाश है, जिसके खिलाफ न्यायालय द्वारा वांरट जारी होने से अपने मूल निवास स्थान को बदलकर छिप कर फरीद नगर सुपेला में रह रहा था। जो साजा जिला बेमेतरा से आटो चोरी कर उसी आटो में 04 आरोपी दिन में बालोद क्षेत्र में रेकी करते थे। सूने मकान को टारगेट कर रात्रि में चोरी करते थे, आरोपियों द्वारा अन्य जिलो में चोरी करना बताया गया है।

आरोपियों में जिला दुर्ग निवासी अब्दुल वहिद उर्फ तलवार पिता अब्दुल हामिद 43 वर्ष, शारदा पारा कैम्प 02 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग निवासी लितेश टण्डन पिता अंकलहा दास 30 वर्ष, शारदा पारा केम्प 2 थाना छावनी भिलाई जिला दुर्ग निवासी प्रेम शंकर साहू पिता संतोष साहू 24 वर्ष, शारदा पारा कबीर कुटटी कैम्प 02 भिलाई थाना छावनी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# जामगांव आर में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के जामगांव आर रनिंग प्रथम आगमन पर किसान चौक जामगांव आर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। विदित हो कि यादव बटरेल मे जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह में जाते समय जामगांव आर में कार्यकर्ताओं से भेंट किए। स्वागत सम्मान करने वालो में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, जिला मंत्री शैलेंद्री मंडावी, समाजसेवी त्रिवेणी साहू, शासकीय कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, सेजस एसएमडी अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक एके जैन, पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू, सोसायटी अध्यक्ष भगवान चंद्राकर, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, उपसरपंच मुकेश साहू, मेघनाथ सागरवंशी, टेमन सपहा, देवेंद्र साहू, किरण यादव, सीताराम साहू, भोलाराम साहू, राधेश्याम चंद्राकर, मनीष जैन, चंद्रिका चंद्राकर ने पुष्पहार से स्वागत किया। जामगांव आर से बटरेल 9 किलोमीटर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू की अगुवानी में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव बटरेल पहुंचकर जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव में मुख्यातिथि के आसंदी पर विराजमान हुए।

- पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम



# तेज रफ्तार कार ने सायकिल सवार युवती को मारी टक्कर, युवती घायल

**डौंडीलोहारा।** नगर से दल्ली राजहरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित महाविद्यालय के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार कार ने सामने जा रही साइकिल सवार युवती को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवती साइकिल सहित सड़क पर गिर गई, जिससे उसे पैर एवं कंधे में चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दल्ली राजहरा की ओर जा रही कार तेज गति में थी। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे स्थित लगभग आठ फीट गहरे खाईनुमा गड्ढे में जा घुसी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार पलटी नहीं, बल्कि खड़ी अवस्था में ही गड्ढे में जा रुकी। हादसे के समय कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए। वहीं साइकिल सवार मेनका गावरे (21 वर्ष), निवासी ग्राम किल्लेकोड़ा को चोटें आईं। उसे उपचार के लिए नगर के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी टीआई मुकेश सिंह ने बताया कि इस संबंध में अभी तक किसी भी पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। शिकायत मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



## विभाग की उदासीनता पर ग्रामीणों में नाराजगी

# ग्राम रनिंग औरी-धमना-बासिन की डामरीकृत सड़क बदहाल, गिट्टियां निकलने से आवागमन प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लोकनिर्माण विभाग जामगांव आर के नवनिर्मित रेस्ट हाउस से महज 1 किलोमीटर दूरी पर से रनिंग औरी, धमना, बासिन पहुंच मार्ग 5.60 किलोमीटर डामरीकृत सड़क में एक दर्जन से अधिक जगह पर गिट्टियां बाहर आ गई है। अनेकों जगह सड़क समतलीकरण नष्ट हो चुकी है। जिसकी रिपेयरिंग पर लोकनिर्माण विभाग सुध नहीं ले रहा है, जबकि यह सड़क जामगांव आर बेलहारी धमतरी मुख्य सड़क के साथ जुड़ी हुई है।

**औरी धमना बासीन सड़क यात्र बनी कष्टप्रद:** औरी के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में जगह जगह गिट्टी बाहर आ जाने से पैदल चलने वालो के पैर चोटिल हो जाते है, साइकिल, मोटर साइकिल और वाहन वालों के टायर कटने लगे है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक और मानसिक तकलीफ झेलनी पड़ रही है। सड़क पर गिट्टी बाहर आ जाने और अनेकों जगह सड़क बैठ जाने से इस सड़क की यात्रा कष्ट प्रद बन गई है। सड़क पर उत्पन्न इस समस्या से लोकनिर्माण विभाग अधिकारी अवगत है। फिर भी विभाग ना जाने क्यों गहरी निंद्रा में है समझ से परे है।




### सड़क की दुर्दशा से परिचित है विभाग

जनपद पंचायत पाटन के पदेन सदस्य एवं धमना सरपंच लोकेश महिलवार ने कहा कि वे इस मामले को जनपद की पिछली मीटिंग में उठाया गया था। किंतु सुव्यवस्थित यात्रा के अनुकूल सड़क नहीं बन पाया है अधिकारी जनता के दर्द को समझे। विभाग औरीं, धमना, बासिन सड़क पहुंच मार्ग की जर्जर हालत से परिचित भी है लेकिन सड़क को सुव्यवस्थित आवागमन के योग्य बनाने मे क्यों हिला हवाला कर रही है यह आमजनता के लिए पहेली बनी हुई है। लोकनिर्माण विभाग जामगांव आर अधिकारी संजीव कुमार गुहा ने कहा कि ठेकेदार को औरी, धमना, बासिन पहुंच मार्ग को मरम्मत करने बोला जा चुका है प्राथमिकता के साथ हरहाल में सुगम यात्र योग्य सड़क का मरम्मत त्वरित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप




### दुर्गेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक व महाआरती

**दुर्ग।** दुगेश्वर महादेव मंदिर, आदित्य नगर में रुद्राभिषेक, भगवान शिव का विशेष श्रृंगार, महाआरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। महाआरती के साथ श्रद्धालुओं ने नए वर्ष की मंगलकामनाएं व्यक्त की और शिव आराधना में हिस्सा लिए। समाज सेविका एवं मंदिर समिति की सदस्य नीलू संजय सिंह द्वारा भक्तों से आग्रह किया गया कि वे घर से सजी हुई आरती की थाली लेकर आएं और शिव परिवार के समक्ष आराधना कर नववर्ष की शुभ शुरुआत करें। मंदिर परिसर में व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई तथा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं जल की पर्याप्त व्यवस्था की गई। आयोजन के दौरान पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहेगा।

### ट्राइबोलॉजी पर 13वीं अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस

**दुर्ग।** आईआईटी भिलाई में ट्राइबोलॉजी (इंडिया ट्राईब) पर तेरहवें अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आयोजन संयुक्त रूप से मैकेनिकल विभाग, आईआईटी भिलाई एवं ट्राईबोलोजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। इस कांफ्रेंस का विषय ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड था। इस सम्मेलन में शिक्षा जगत और उद्योग जगत के ट्राइबोलॉजी के अग्रणी विशेषज्ञों द्वारा कई पूर्ण सत्र, भाषण और व्याख्यान दिए गए। छात्र शोधकर्ताओं ने भी मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने कार्यों का प्रदर्शन किया, जिससे उभरते हुए विद्वानों को अपने शोध को साझा करने का मंच मिला। आईआईटी भिलाई के निदेशक और सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने अंतर्विषयक अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। ट्राइबोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रो. सतीश वी कैलाश ने व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने और तकनीकी नेटवर्क को मजबूत करने में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की भूमिका को रेखांकित किया।

# धान खरीदी केंद्रों की सुचारू व्यवस्था से किसान संतुष्ट, मुख्यमंत्री साय की नीतियों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में किसान हितैषी नीतियों और सुव्यवस्थित धान खरीदी व्यवस्था का सकारात्मक प्रभाव धरातल पर दिख रहा है। बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम अड़जाल के युवा किसान बहादुर सिंह मंडावी ने आज धान खरीदी केंद्र गुजरा में अपनी उपज विक्रय कर शासन की व्यवस्थाओं के प्रति खुशी जाहिर किया है। धान उपार्जन केन्द्र गुजरा में अपना धान बेचने पहुंचे बहादुर सिंह ने बताया कि इस वर्ष खरीदी केंद्रों पर किसानों की सहूलियत का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसानों के लिए स्वच्छ पीने के पानी का पर्याप्त इंतजाम है। धान की तौलाई प्रक्रिया सुगम और पारदशएँ तरीके से की जा रही है। पर्याप्त मात्र में बारदानों की उपलब्धता से कार्य में कोई रुकावट नहीं आ रही है। धान खरीदी केंद्र के अधिकारी और कर्मचारी किसानों के साथ संवेदनशीलता से कार्य कर रहे हैं और हर कदम पर सहयोग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी केन्द्र गुजरा में अतिरिक्त स्थान की भी व्यवस्था की गई है, जिससे लगातार हो रहे धान के संग्रहण तथा धान खरीदी के कार्य में सुविधा हुई है। युवा किसान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कृषक उन्नति योजना और किसान सम्मान निधि के बेहतर क्रियान्वयन से प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार आया है।

### स्वच्छ पेयजल, बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता और सुगम तौल प्रक्रिया



#### आई खुशहाली



इन योजनाओं से मिलने वाली राशि का उपयोग किसान अपनी खेती को उन्नत बनाने और परिवार की खुशहाली के लिए कर रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रें में किसानों की उन्नति हुई है। शासन की योजनाओं से मिली आर्थिक मजबूती ने हमें खेती को और बेहतर बनाने का हौसला दिया है। उसने धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था और समय पर भुगतान की प्रक्रिया के लिए शासन–प्रशासन का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। किसान बहादुर सिंह मंडावी ने कहा कि सरकार की किसान हितैषी दूरगामी नीतियों के कारण आज का युवा किसान खेती को एक

## मांग : विभागीय कार्यों में संलग्न शिक्षकों से प्रभावित हो रही पढ़ाई

# सहगांव शाला में शिक्षकों की कमी को लेकर तालाबंदी प्रशासन से लिखित सहमति के बाद खुला ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

सोमवार को शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम सहगांव में शिक्षकों की कमी और पदस्थापना संबंधी मांगों को लेकर पालक समिति एवं ग्रामीणों ने शाला में तालाबंदी कर दी। ग्रामीणों की मांग थी कि सहायक शिक्षक हेमलता साहू को मूल शाला में पुनः पदस्थ किया जाए, प्रधानपाठक विजय कुमार पटेल को मास्टर ट्रेनर के दायित्व से मुक्त रखा जाए तथा सहायक शिक्षक गिरीश कुमार निर्मोही को सीएससी पद से कार्यमुक्त किया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि शाला में कुल 64 विद्यार्थियों के लिए चार शिक्षकों की व्यवस्था थी, किंतु वर्तमान में एक शिक्षक अन्यत्र संलग्न है, जबकि दो शिक्षक विभागीय कार्यों मास्टर ट्रेनर एवं सीएसी में संलग्न रहने के कारण नियमित रूप से शाला में उपस्थित नहीं रह पाते।

- लिखित सहमति के बाद दोपहर में खोला गया शाला का ताला

इससे बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। इस संबंध में पूर्व में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया था, लेकिन मांगें पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों को तालाबंदी जैसा कदम उठाना पड़ा। तालाबंदी के दौरान पूरे घटनाक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। ग्रामीणों ने बताया कि वे दोनों अधिकारियों की प्रतीक्षा करते रहे, किंतु उनके स्थान पर बीआरसी को भेजा गया। तालाबंदी की सूचना मिलते ही डिप्टी कलेक्टर आशीष सेंड्रो, नायब तहसीलदार दीपक चंद्राकर एवं बीआरसी दिनेश मालेकर ग्राम सहगांव पहुंचे और शाला प्रबंध समिति, पालकों व ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। चर्चा के पश्चात प्रशासन द्वारा मांगों पर लिखित सहमति दी गई, जिसके आधार पर समाधान निकाला गया। लिखित सहमति के अनुसार 05 जनवरी से साधना देशमुख, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पोपलाटोला को आगामी आदेश पर्यन्त सहगांव शाला में अध्यापन सहयोग हेतु आदेशित किया गया। प्रधानपाठक विजय कुमार पटेल को मास्टर ट्रेनर के दायित्व से तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया गया। सहायक शिक्षक गिरीश कुमार निर्मोही को सीएसी पद से कार्यमुक्त करने हेतु 05 जनवरी 2026 से उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव प्रेषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

प्रशासन से लिखित सहमति पत्र प्राप्त होने के बाद लगभग दोपहर एक बजे शाला का ताला खोल दिया गया। इस दौरान शाला प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारी, गांव के पालक एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने समाधान पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, यही उनकी मुख्य चिंता थी। इस अवसर पर सरपंच भूषण देवांगन सहित टिकम लोहमार, गोविंद चुरेंद्र, प्रेमसिंह निषाद, जोहन तारम, दिलीप मेश्राम, चांद सिंह माहला, शिवनंदन सारा, विजय माहला, यमुना प्रसाद, भगवती गांवरे, अनिता पिस्दा, विनोद ठाकुर, कल्याण सिंह, यास्मीन खान, बीरम बाई, हेमा यादव, विभा देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। बीआरसी दिनेश मालेकर ने बताया कि पोपलाटोला की शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से अध्ययन सहयोग के लिए आदेशित किया गया है तथा मास्टर ट्रेनर एवं सीएसी से संबंधित दायित्वों को समाप्त करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।







# मां शाकंभरी जयंती धूमधाम से मनाई, पूर्व सीएम बघेल और विधायक कुंवर सिंह पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/सिकोसा

सिकोसा में मां शाकंभरी जयंती मनाई गई, जिसमे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुए।

मरार पटेल समाज द्वारा मां शाकंभरी जयंती का आयोजन किया गया। इस धार्मिक उत्सव में समाज के लोगों ने माता शाकंभरी की विशेष पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। समाज के पदाधिकारी के साथ महिलाएं कलश शोभायात्र गली भ्रमण करते हुए सभा स्थल पहुंचे। समारोह में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा 15 लाख रुपए का भवन बनकर तैयार हुआ। इसका लोकार्पण किया गया, आगे भी समाज के हित में कार्य करेंगे, पुनः समाज की मांग पर 5 लाख की घोषणा की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा हमारी सरकार थी तब छेरछेरा पुन्नी, शाकंभरी जयंती की छुट्टी की हमने घोषणा की थी और किसानों के हित में समाज के हित में अनेकों कार्य किया। उन्होने कहा किसान पहले यूरिया खाद के लिए भटकते रहे, अब धान के टोकन के लिए भटक रहे हैं,यह सरकार बिजली बिल को कई बार बढ़ाया हमारी सरकार 5 साल स्थाई रखा, गोबर खरीदी बंद की।

जिसमें समाज के लिए समाज की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही इसे पूरा करने का आ"वासन दिया। इस अवसर पर मरार पटेल समाज के पदाधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं बालोद जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज, दोलत कोसरे, राकेश निर्मलकर सहित ग्राम पंचायत सिकोसा सरपंच, पंचगण, कांग्रेस की कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 5 दिवसीय जूजुत्सु नेशनल चैंपियनशिप में दुर्ग शहर के 7 बच्चों ने जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर में 5 दिवसीय जूजुत्सु नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, प्रतियोगिता में कुल छत्तीसगढ़ से 90 प्रतिभागी ने भाग लिया। जिसमें दुर्ग शहर से सात बच्चों ने जूजुत्सु मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेकर चार ब्रांच मेडल 1 सिल्वर मैडम प्राप्त किए। काव्या विश्वकर्मा अंडर 16 वेट कैटेगरी फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं रुचिका देवांगन ने अंडर 12 वेट कैटिगरी में फाइटिंग सिस्टम में ब्रॉन्ज मेडल एवं नेवाजा में भी ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। अमन चंदेल ने अंडर 17 में नेवाजा में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। इस तरह दुर्ग जिला को कुल 4 ब्रॉन्ज मेडल 1 सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। दुर्ग जिला की इस उपलब्धि पर दुर्ग विधायक एवं छत्तीसगढ़ शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर सभी बच्चों को मेडल सर्टिफिकेट पहनाकर सम्मानित किया गया। जूजुत्सु एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के जिला सेक्रेटरी देवा साहू ने बताया कि यहां बच्चे पिछले 3 वर्षों से हनुमान नगर वार्ड नंबर 21 एवं वार्ड नंबर 11 आशीष इन्फोटेक में सुबह शाम मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेते हैं जूजुत्सु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राणा अजय सिंह वार्ड नंबर 11 के पार्षद आशीष चंद्राकर पटरी पर मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, वार्ड नंबर 21 के पार्षद विद्यावती सिंग, संजय साहू, अरुण सिंह ने बधाई दी।

- उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुआ आयोजन



# सेवा ने दी अध्यक्ष संदीप माथुर को भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेवा गर्वनिंग के द्वारा संस्था के अध्यक्ष और भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक पर्सनल एचआर संदीप माथुर के दीर्घ सेवाकाल के बाद रिटायर होने पर भावभीनी विदायी दी गई। श्री माथुर ने अपने तीन साल के कार्यकाल में सेवा संगठन से मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का हार्दिक आभार जताया। पदाधिकारियों ने भी कहा कि श्री माथुर के कार्यकाल में बीएसपी के साथ सेवा के सामाजिक सरोकार की परंपरा बहुत अधिक समृद्ध हुई। इसका लाभ सभी सदस्यों मिला। इस अवसर पर इस्पात कर्मचारी क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी भिलाई के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्रा सहित मनीष पंत, संजय द्विवेदी, समीर गुप्ता, कृष्णानंद राय, राजेश चौहान, मुकल वर्मा, शैलजा आदि सेवा के पदाधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक चन्द्राकर ने जंजगीरी में 75 लाख रुपए के नवीन विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

विधायक ललित चन्द्राकर ने जंजगीरी में 75 लाख रुपए के नवीन विकास कार्यों की सौगात दी है। जंजगीरी में आयोजित लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक ललित चंद्राकर ने नवीन विकास कार्यों की आधार शीला रखी। इसके अंतर्गत 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित डोमशेड का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

- 15 लाख रुपए की लागत से बनेगा मांगलिक भवन

वहीं भूमि पूजन कार्यक्रम अंतर्गत मांगलिक भवन निर्माण कार्य सतनाम पारा अनुमानित लागत राशि 15 लाख रुपए, नकटा तालाब से मुक्ति धाम तक सीसी रोड निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 5 लाख रुपए, मोहन साहू के खेत से मनरेगा भवन तक नाली निर्माण अनुमानित लागत राशि 20 लाख, रामशरण के खेत के पास पुलिया निर्माण अनुमानित लागत राशि 11 लाख रुपए और श्रवण धर से लाभू घर तक नाली निर्माण कार्य अनुमानित लागत राशि 5 लाख 50 हजार रुपए की पूजा अर्चना कर आधारशीला रखी।इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारी सरकार लगातार लोगों के जीवन के खुशियां लाने का काम कर रही और अन्तिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति तक विकास कैसे पहुंचे इस दिशा में निरन्तर कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है। गांव के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी। इस अवसर पर जिपं. सदस्य श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य व सभापति लोमस चंद्राकर, सरपंच गीता ठाकुर, लीकेश्वर देशमुख, डीलेश्वर साहू, पुराण देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



# लंबी सेवायात्रा को किया गया सम्मानित दुर्ग नगर निगम में कर्मियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों का बिदाई समारोह आयुक्त सुमित अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यपालन अभियंता आरके जैन, सहायक शिक्षिका विश्वमोहनी देवांगन, सहायक राजस्व निरीक्षक सुरेश श्रीवास्तव और सफाई कामगार मुखिया बाई के सेवानिवृत्त होने पर पुष्पमाला, शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि सेवा के दौरान किस प्रकार से हम अपनी दिनचर्या पर व्यस्त रहते है अब सेवाकाल की लम्बी अवधि का अनुभव का उपयोग शेष समय समाज के उत्थान के लिये करें सेवाकाल के दौरान सामाजिक, पारिवारिक दायित्व जिनमें सहभागिता नहीं की गई उसे अब आप निश्चिंत होकर पूर्ण करें। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके शानदार करियर और नई शुरुआत के लिए बधाई दी। सभापति श्याम शर्मा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा, समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी है, उनके योगदान की सराहना की है और उन्हें भविष्य के लिए सुख, स्वास्थ्य और खुशियों से भरी नई पारी की शुभकामनाएं दी हैं,जिसमें उन्हें अपने सपनों को पूरा करने और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, देव नारायण चंद्राकर, मनीष साहू, लीलाधर पाल,नीलेश अग्रवाल, संजय कोहले,पार्षद गुलशन साहू आदि मौजूद थे।



## सब स्टेशन में लगाया 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर

# 6 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी ट्रिपिंग से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत सुपेला जोन के अंतर्गत 33/11 केव्ही प्रियदर्शिनी परिसर सब-स्टेशन में 5 एमवीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक स्थापित कर, वहां के रहवासियों को नये वर्ष की सौगात दी है। इस नए ट्रांसफार्मर के चार्ज होने से उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जा सकेगी।

- 99 .92 लाख रुपए रुपए की लागत से कार्य पूर्ण

प्रियदर्शिनी परिसर सब-स्टेशन में इस कार्य को 99 लाख 92 हजार रुपए की लागत से पूर्ण किया गया। प्रियदर्शिनी परिसर सब-स्टेशन में पहले से ही 5 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर कार्य कर रहे थे। अब तीसरे ट्रांसफार्मर की स्थापना के बाद सब-स्टेशन की कुल क्षमता बढ़कर 15 एमवीए हो गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ने से भिलाई के प्रमुख क्षेत्रों के निवासियों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



### इन क्षेत्रों को होगा लाभ

नए ट्रांसफार्मर स्थापित करने से कई क्षेत्रों के लोगों को फायदा होगा। इससे मुख्य रुप से प्रियदर्शिनी परिसर, दक्षिण गंगोत्री, आकाश गंगा, संजय नगर, कोसा नगर, राधिका नगर, सुपेला तथा आसपास के क्षेत्रों के लगभग 6 हजार से अधिक उपभोक्ता इस नई स्थापना से सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उन्होंने इस कार्य को पूर्ण करने के लिए अधीक्षण अभियंता शहर वृत जे.जगन्नाथ प्रसाद, कार्यपालन अभियंता एसके रॉय, डीके भारती, नवीन कुमार राठी सहित पूरी टीम को बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### आज ग्राम गुरेदा में मंड़ई मेला

**अंडा।** ग्राम गुरेदा में शुभम लाभम मानस प्रचार समिति और समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में आज ग्राम गुरेदा में बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्राम मंड़ई का आयोजन, जिसमें रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी राधा कृष्ण लोक सांस्कृतिक नाच पार्टी दुर्रे बंजारी छुरिया जिला राजनांदगांव की मनमोहक प्रस्तुति भी होगी। त्रि दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य स्वर मानसगान सम्मेलन 9,से 11 जनवरी को आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य स्तर के विभिन्न जिलों से अनेक ख्यातिलब्ध मानस मंडलियों की प्रस्तुति शुभम लाभम मानस मंच गुरेदा में होगी। उक्त जानकारी सिया के राम मानस परिवार गुरेदा के मानस विद्यार्थी लेखराम कुम्भकार ने प्रदान की।

### चिट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** हीरोइन (चिट्टा) का अवैध कारोबार कर नशा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 5.6 ग्राम चिट्टा, 2 मोबाइल समेत 1 लाख 12 हजार रुपए का सामान जब्त किया गया। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिरकी सूचना पर कैंप-2 भिलाई निवासी उत्तम सिंह उर्फ बॉबी और बैकुंठ धाम दशहरा मैदान कैंप-2 मोहित सिंह चिट्टा बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत के तहत अपराध कायम किया है।

## पेज 9 का शेष

### अंतरजिला चोर ...

जिला दुर्ग निवासी पीयुष कुमार नंदी उर्फ सत्यम पिता स्व. सुबोतो कुमार नंदी 25 वर्ष के कब्जे से सोने का छोटा लाकेट 10 नग दाना 03 ग्राम, सोने का बड़ा लाकेट चैन के साथ 16 ग्राम सोने का झुमका, 06 ग्राम जुमला वजनी 25 ग्राम एवं चांदी का पायल 16 नग कुल 380 ग्राम, चांदी का सिक्का 06 नग कुल 3 लाख रूपये के जेवरात व घटना मे प्रयुक्त 01 नग कटर, तीन पहिया आटो क्रमांक सीजी 04 एमएस 1464, चोरी के 03 मोटरसायकल भी बरामद किया गया है।

## निधन

### खेमलता साहू

**बालोद।** ग्राम सांकरा करहीभदर निवासी खेमलता साहू 87 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सांकरा करहीभदर में किया गया। वे सांकरा के पूर्व सरपंच स्व. बिसेश्वर सिंह साहू की पत्नी, लोकेश, गजेन्द्र, विनोद, धारणी, कीर्ति, देवकुमारी, देवमिन, कामेश्वरी की मां थीं।



---

### कार्यक्रम में समाजिक एकता और सहभागिता का संदेश दिया

# साहू समाज का वार्षिक पारिवारिक मिलन और सम्मान समारोह में शिक्षा और संस्कार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

परीक्षेत्रीय साहू समाज 256 कॉलोनी का वार्षिक पारिवारिक मिलन एवं सम्मान समारोह रविवार 4 जनवरी को वार्ड क्रमांक 5 स्थित 256 चौक, शिकारी बाबा सांस्कृतिक मंच में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन परीक्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश्वरी साहू के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष, जिला साहू संघ बालोद रहे। अध्यक्षता शीतल कुमार साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में तोरण लाल साहू अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, हलधर साहू पूर्व महामंत्री, प्रदेश साहू संघ, मदन सोनबरसा संगठन सचिव, जिला साहू संघ सहित तहसील एवं नगर स्तर के पदाधिकारी, पार्षद एवं समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा की आरती एवं पूजा-अर्चना से हुई। आयोजन दो पाली में संपन्न हुआ। प्रथम पाली में खेलकूद, रंगोली एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। द्वितीय पाली में सामूहिक भोजन उपरांत अतिथि स्वागत, उद्बोधन, सम्मान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। स्वागत भाषण में परीक्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश्वरी साहू ने सभी अतिथियों एवं समाजजनों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। इसी दौरान शिकारी बाबा मंच के समीप बिजली, पानी एवं शौचालय सुविधा युक्त सामुदायिक भवन निर्माण की मांग नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष रखी गई, जिस पर मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार साहू ने समाज में शिक्षा, प्रतिभा प्रोत्साहन और आपसी सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए जिला साहू संघ द्वारा प्रारंभिक शैक्षणिक सहायता दी जाएगी तथा गंभीर बीमारी से पीड़ित निर्धन परिवारों को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने नारी सशक्तिकरण में दल्लीराजहरा क्षेत्र की भूमिका की सराहना की। हलधर साहू ने पारिवारिक एकता, संस्कार और बच्चों की भागीदारी पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि संस्कार परिवार से मिलते हैं और बच्चों को सामाजिक गतिविधियों में जिम्मेदारी देने से समाज और संस्कृति से उनका जुड़ाव मजबूत होता है। मदन सोनबरसा ने संयुक्त पारिवारिक भोजन, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और परंपराओं के समयबद्ध आयोजन पर प्रकाश डाला। शीतल साहू ने तहसील साहू संघ की गतिविधियों की जानकारी देते हुए परीक्षेत्रीय साहू समाज 256 कॉलोनी को सहयोग राशि प्रदान की, वहीं युवराज साहू ने का सहयोग राशि दिया।



#### खेल प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण

रंगोली, कुर्सी दौड़, सुरीली कुर्सी, सुई-धागा, गोली-चम्मच, मेंढक दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम

बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य और एकल गायन ने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का मंच संचालन राजकुमार साहू ने किया। आयोजन को सफल बनाने में परीक्षेत्रीय, महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और समाज जनों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

---

# शिक्षा और संस्कार ही विद्यालय की पहचान : विधायक निषाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में वार्षिक उत्सव व स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष व जनपद सदस्य टुमन साहू ने की। वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत नृत्य एवं प्रहसन की प्रस्तुति दी।

■ खेल, शिक्षा व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान

खेल, शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा व संस्कार देना विद्यालय की पहचान है। छात्र जीवन में खूब पढ़े और खूब खेलें। छात्र जीवन एक बार मिलता है उसका पूरा उपयोग करें। प्रतिभाएं क्षेत्र या संसाधनों की मोहताज नहीं होतीं। बच्चों में ही देश का भविष्य निहित है। प्रत्येक विद्यालय के वार्षिकोत्सव का उद्देश्य मनोरंजन ही नहीं बल्कि छात्र-छात्राओं की रूचि और प्रगति का लेखा-जोखा होता है। ऐसे आयोजन से सभी विद्यार्थियों को नए उत्साह और प्रेरणा की अनुभूति होती है। इस अवसर पर कोदूराम दिल्लीवार, जिला कांग्रेस महामंत्री केशव शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक, किशोरी साहू, रमेश सोनवानी, सरपंच दीप्ति साहू, घनश्याम ठाकुर, सागर साहू, तरुण पारकर, सुरेश साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा, चंद्रशेखर उर्वशा, प्राचार्य आर के देवांगन, व्याख्याता अजय पाठक, हेप्सीबा एथोनी, हर्षा देवांगन सहित शाला परिवार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। विधायक ने शाला परिसर में डोम शेड व मंच निर्माण की घोषणा की।

---

# दो दिवसीय तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ग्राम संबलपुर (नांहदा) में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी तथा अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर दो दिवसीय शक्ति संवर्धन राष्ट्र जागरण तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस गली-भ्रमण और दीप यज्ञ के माध्यम से ग्रामीणों को यज्ञ में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया। द्वितीय दिवस तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें देव पूजन, यज्ञ, आहुतियां, और संस्कार विधियां संपन्न की गईं। महायज्ञ में दो गर्भवती माताओं का पुंसवन, चार बच्चों का विद्यारंभ तथा एक नवजात शिशु का नामकरण संस्कार विधिवत किया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार और कैलाश साहू ने यज्ञ और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला, साथ ही भारतीय संस्कृति में गायत्री, गौ, गंगा और गीता के योगदान की महत्ता बताई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अशोक साहू, उर्मिला साहू, कुंती साहू, बीरबल साहू, मूलचंद साहू, अश्विनी साहू, सोहद्रा साहू, चुम्मन लाल साहू, उपासना साहू, छन्नी बाई ठाकुर, बोधनी सावनक, गजेश्वरी ठाकुर, मोनिका साहू सहित समस्त ग्रामवासियों एवं परिजनों का विशेष सहयोग रहा।

---

# सर्दी में हरी सब्जियों की बहार, महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का स्वाद और टमाटर 50 रुपये किलो पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





ठंड के मौसम में दल्लीराजहरा के सब्जी बाजार हरी-ताजी सब्जियों से गुलजार हैं। मटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, पालक, गाजर जैसी मौसमी सब्जियों की भरपूर आवक से मंडियों में रौनक तो है, लेकिन टमाटर ने एक बार फिर आम लोगों की जेब पर लाल निशान लगा दिया है।

■ टमाटर की उपलब्धता घटने से कीमत बढ़ी

खुदरा बाजार में टमाटर रु 50 प्रति किलो बिक रहा है, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का रसोई बजट गड़बड़ा गया है। सब्जियों की ताजगी और गुणवत्ता भले ही बेहतर नजर आ रही हो, लेकिन कीमतों ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है। खासकर टमाटर, जो हर रसोई की जरूरत है, उसके दाम बढ़ने से दाल-सब्जी तक का स्वाद फीका पड़ने लगा है। लोग कम मात्रा में खरीदारी करने को मजबूर हैं, दल्लीराजहरा व्यापारियों का कहना है कि दाम बढ़ने के पीछे कई कारण हैं। परिवहन खर्च में वृद्धि और स्थानीय स्तर पर सीमित आपूर्ति के चलते बाजार में कीमतों में नरमी नहीं आ पा रही है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार आसपास के बड़े फार्म हाउस के किसान अपनी उपज को बेहतर दाम मिलने के कारण महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और कर्नाटक जैसे राज्यों में भेज रहे हैं। इससे स्थानीय बाजार में टमाटर की उपलब्धता घट गई है और दाम लगातार ऊपर बने हुए हैं। हालांकि अन्य हरी सब्जियों की आवक अच्छी होने से थोड़ी राहत जरूर है, लेकिन टमाटर की महंगाई ने पूरी सब्जी बाजार की तस्वीर बिगाड़ दी है। उपभोक्ताओं को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में आवक बढ़े और टमाटर के दाम लाल से फिर हरे हो जाएं।

---

### जंबूरी 2026 में भ्रष्टाचार का आरोप

# टेंडर खुलने से पहले ही काम पूरा, कांग्रेस ने एसीबी ईओडब्ल्यू को शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार आज पीसीसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसीबी/ईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचकर राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के जंबूरी 2026 कार्यक्रम के टेंडर आबंटन में हुए कथित भारी भ्रष्टाचार को लेकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई और इस पूरे मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं छाया विधायक कन्हैयालाल अग्रवाल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जंबूरी 2026, जो कि 09 जनवरी से बालोद में आयोजित होना प्रस्तावित है, उसका टेंडर प्रक्रिया शुरू से ही संदेह के घेरे में रही है। उन्होंने बताया कि पहले यह टेंडर 20 दिसंबर को खुलना था, जिसे गलत तरीके से निरस्त कर दिया गया। इसके बाद महज 10 दिनों के अंतराल में दोबारा टेंडर जारी किया गया, जिसकी अंतिम तिथि 03 जनवरी तय थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि टेंडर आज तक नहीं खुला, जबकि मौके पर करोड़ों रुपए का काम लगभग पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि जमीनी सच्चाई यह है कि बालोद में मंच, पंडाल, संरचनाएं और अन्य व्यवस्थाएं लगभग तैयार हो चुकी हैं, जबकि कागजों में प्रक्रिया अधूरी है। यह न केवल सरकारी नियमों की खुली अवहेलना है, इन्हीं गंभीर तथ्यों को आधार बनाते हुए पीसीसी प्रतिनिधिमंडल ने एसीबी/ईओडब्ल्यू को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

---

# नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जन जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में गुरुर विकासखंड के ग्राम कोचवाही मे एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कौशल्या नागवंशी थी। अध्यक्षता सरपंच भुवनेश्वरी यादव ने की। विशेष अतिथि दुलार सिंह साहू, पूर्व सरपंच नरसिंह ठाकुर, उपसरपंच कुलजीत धनेश्कर, ग्राम पंच सीताराम शांडिल्य, ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर एवं सेवानिवृत्ति सैन्य अधिकारी जगमोहन साहू के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजन अर्चना कर शुभारंभ किया। आयुष विभाग जिला बालोद में सेवा दे रहे चिकित्सा अधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में शिविर के प्रभारी डॉक्टर ऋषि नेताम द्वारा आयुष विभाग द्वारा संचालित समस्त गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कौशल्या नागवंशी ने आयुर्वेद एवं योग को जन–जन तक अपनाने का संदेश दिया गया। ग्राम सरपंच भुनेश्वरी यादव ने सभी ग्राम वासियों को शिविर में अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सीताराम शांडिल्य पंच कोचवाही ने योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व के बारे में जन सामान्य को विस्तार से बताया। शिविर में आयुष विभाग की होम्योपैथिक और आयुर्वेद की औषधीय के साथ स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नेत्र जांच एवं रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में आने वाले सभी मरीजों को आयुष क्वाथ का वितरण किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक आयोजित होता रहा, शिविर की समाप्ति तक कुल 270 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 185 मरीज को आयुर्वेद की औषधि दी गई एवं 85 मरीजों को होम्योपैथि की औषधि प्रदान की गई। शिविर में 71 लोगों का निशुल्क नेत्र जांच किया गया एवं 95 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। शिविर को सफल बनाने के लिए आयुष विभाग से डॉक्टर सुखनंदन बंजारे, डॉटर कमलेश कुमार वर्मा, डॉक्टर शैलेंद्र स्वर्णकार, डॉक्टर गुरु दयाल साहू, डॉ किरण साहू, डॉ मुस्कान, डॉक्टर केशु साहू एवं फार्मासिस्ट स्टाफ में परमेश्वर साहू, अरुण कुमार देशमुख, तिमनलाल साहू, नरेश भुवारी, दुलार दास मानिकपुरी और औषधालय सेवक में अनक्लिय राम ठाकुर, बुढार सिंह सुधाकर, सुरेश्वर सिंह साहू, रोहित कुमार कतलम ने अपनी सेवाएं दी। स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर की ओर से नेत्र सहायक अधिकारी, श्याम सुंदर देवांगन अधिकारी और मेडिकल लैब टेक्नीशियन संजय कुमार मेश्राम ने अपनी सेवाएं दी।



---

छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत 65

// ईश्तहार //

क्र. /1385 राजस्व विभाग/ न.पं/ 2026

गुरुर, दिनांक 05/01/2026

नगर पंचायत गुरूर द्वारा मलबा नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों का विवरण पत्रक

**क्र.** 01 , **हस्तांतरण का नाम पिता/ पति का नाम**- स्व. श्री कांतिलाल किरी पिता श्री सुदरलाल किरी

**किसके नाम से हस्तांतरित किया जाना है नाम पिता /पति का नाम** - श्री गिरिश किरी पिता स्व. श्री कांतिलाल किरी

**खसरा नंबर/ रकबा**- 665/02, 0.14 हेक्ट.

**पंचायत रिकार्ड क्र./ सरल क्रमांक** - 24

**नामांतरण का आधार** -

टीप- उपरोक्तानुसार नगर पंचायत गुरूर को भवन/ मलबा का नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुऐ है। यदि किसी भी संबंधित व्यक्तियों को उक्त मलबा संपत्तियों के नामांतरण किये जाने पर किसी भी प्रकार की आपात्ति करना हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपना आपात्ति लिखित में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) शेष दिनों कार्यालय दिवस व समय पर प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुरूर**

छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत् 65

क्र./1380राजस्व विभाग / न.पं/ 2026

गुरुर, दिनांक 05/01/2026

ईश्तहार

नगर पंचायत गुरूर द्वारा मलबा नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों का विवरण पत्रक-

**क्र.-** 01, **हस्तांतरण का नाम पिता/पति का नाम-** स्व. श्री वेदप्रकाश किरी पिता श्री सुंदरलाल किरी, **किसके नाम से हस्तांतरित किया जाना है नाम पिता / पति का नाम-** श्री कमल किरी पिता स्व. श्री वेदप्रकाश किरी, **खसरा नंबर / रकबा-** 662/3 0.05 हेक्ट. 662/04 0.09 हेक्ट, **पंचायत रिकार्ड क्र/सरल क्रमांक-** 21, **नामांतरण का आधार-**

टीप :- उपरोक्तानुसार नगर पंचायत गुरूर को भवन / मलबा का नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुऐ है। यदि किसी भी संबंधित व्यक्तियों को उक्त मलबा संपत्तियों के नामांतरण किये जाने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति करना हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपना आपात्ति लिखित में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोडकर) शेष दिनों कार्यालय दिवस व समय पर प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपात्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुरूर**

छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत 65

ईश्तहार

क्र /1382/ राजस्व विभाग / न.पं / 2025-26
गुरुर, दिनांक 05/01/2026

नगर पंचायत गुरूर द्वारा मलबा नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों का विवरण पत्रक क्र. 01 हस्तांतरण का नाम पिता/पति का नाम- स्व. श्री सुंदरलाल किरी पिता श्री स्व. श्री भीमराज किरी, किसके नाम से हस्तांतरित किया जाना है नाम पिता / पति का नाम-श्री जयंत किरी पिता श्री सुंदरलाल किरी, खसरा नंबर/रकबा - 727/11 रकबा 7375 वर्गफीट, पंचायत रिकार्ड क्र / सरल क्रमांक-30, नामांतरण का आधार- ...।

**टीप** - उपरोक्तानुसार नगर पंचायत गुरूर को भवन / मलबा का नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुऐ है। यदि किसी भी संबंधित व्यक्तियों को उक्त मलबा संपत्तियों के नामांतरण किये जाने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति करना हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपना आपात्ति लिखित में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) शेष दिनों कार्यालय दिवस व समय पर प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत-गुरूर**

---

# विद्यालय भंवरमरा में पालक शिक्षक मीटिंग में शिक्षा और सुरक्षा पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में 5 जनवरीको पालक शिक्षक मीटिंग आयोजित किया गया ,जिसमें पालकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उक्त बैठक में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डोमार सिंह साहू एवं पालक शिक्षक समिति के अध्यक्ष ललित राणा की गरिमामय उपस्थिति रही। संस्था के प्राचार्य नेमसिंह ठाकुर के द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा एवं वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर चर्चा की गई।

संस्था के व्याख्याता राधेश्याम साहू ने पालकों से निवेदन किया कि बच्चों को घर में पढ़ाई के लिए टाइम टेबल बनाने का निर्देश दिया गया था, उसे पालकों को निगरानी एवं सहयोग करने की अपील किया गया। तत्पश्चात पुलिस आरक्षीत केंद्र मंगचुवा से देव कुमार कोर्राम सहायक उप निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा सड़क सुरक्षा एवं साइबर क्राइम, साइबर फ्रॉड इत्यादि के संबंध में बच्चों एवं पालकों को जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा हेतु शपथ दिलाया गया। देवेंद्र भुआर्य के द्वारा साइबर फ्रॉड एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों से बचने के उपाय एवं सावधानी के बारे में बताया गया। उक्त बैठक में व्याख्याता हेम प्रकाश मेश्राम, येनुराम मेरिया ,ओम प्रकाश साहू , मनी कुमार खरे,गणेशराम मेरिया ,आर के ठाकुर ,दिनेश्वरी कोठारी, सुमन साहू, आरती श्रीवास्तव ,रुक्मणी देशमुख, रूपम रोशनी खलको, यशवंत कुलदीप समिति के सदस्य एवं पालक दिनेश कुमार नागवंशी, रमेश कुमार ,विजय उर्वशा, उदलाराम, उमेंद्र सिंह, सुजन सिंह, कमलेश कुमार,देवेंद्र, भीखूराम,चुरामन दास, सुरेंद्र कुमार दुग्गा, खेमलाल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पालकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### पूर्व प्रशिक्षार्थियों का स्मृति संगम समारोह हुआ

**डौंडीलोहारा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डी.एड.) बेमेतरा के डी.एड. सत्र 1999–2001 के पूर्व प्रशिक्षार्थियों के संगठन डी.एड. स्मृति संगम परिवार का मिलन समारोह 4 जनवरी आत्मीयता, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन दुर्ग जिले के पुलगांव चौक स्थित अतिथि रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया, जहां वर्षों बाद एक-दूसरे से मिले साथियों ने पुरानी स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने आत्मीय मुलाकात कर अध्ययन काल के अनुभवों, संघर्षों और सफलताओं को याद किया, जिससे माहौल भावनात्मक और उल्लासपूर्ण बना रहा। समारोह में केक काटकर खुशियां मनाई गईं, इस अवसर पर उन दिवंगत साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जो आज हमारे बीच नहीं रहे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद ने गोंदली जलाशय में चलाया स्वच्छता अभियान



**बालोद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्याम लाल नवरत्न के मार्गदर्शन में 04 जनवरी को जिले के गोंदली जलाशय में स्वच्छता 4अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी भारती कुलदीप ने बताया कि पर्यटक प्राकृतिक स्थलों में घुमने आते है लेकिन अनजाने में वहाँ कचरा छोड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों की गरिमा और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब हम किसी सुंदर जगह पर जाते हैं तो हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम वहाँ अपनी यादें छोड़े, कचरा नही। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद ने बालोद जिले के समस्त पर्यटन स्थल को साफ–सफाई करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में आज गोंदली जलाशय में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारी और पैरालीगल वालेंटियर्स ने सक्रिय रूप से भाग लेकर श्रमदान किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से टेक्नीशियन की मौत

**भिलाई।** ट्रेन की चपेट में आने से रेलवे के टेक्निशियन की मौत हो गई। घटना दुर्ग रेलवे स्टेशन का है। मामले में जीआरपी ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जीआरपी दुर्ग ने बताया कि रेलवे कालोनी दुर्ग निवासी अजय कुमार महतो टेक्नीशियन ग्रेड-1 (ट्रेन लाइटिंग स्टाफ) के पद पर पदस्थ था। हादसा मुंबई हावड़ा मुख्य रेलवे ट्रैक पर स्थित दुर्ग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 के पास रविवार की सुबह हुई। मृतक अजय कुमार रविवार की सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रथम पाली में काम पर था, तभी रायपुर एंड की ओर किलोमीटर संख्या 865/27 (रेल पोल क्रमांक 865/27) के पास एक खाली मालगाड़ी स्टेशन से होकर गुजर रही थी। तभी अचानक अजय कुमार मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा कैसा हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## भक्ति

**गांव की गलियों में गीत-संगीत और वरुण देव की आवाहन पूजा**

# डांडेसरा में दो दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण का आयोजन







हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष अखण्ड दीप तथा गुरुदेव के तप के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम डांडेसरा में दो दिवसीय शक्ति संवर्धन पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ यज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया गया।

■ सायंकालीन दीप महायज्ञ में उपासना, साधना और आराधना

प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने दीप प्रज्वलित कर मंगल कलश यात्र निकाली गई, जिसमें ग्राम डांडेसरा के प्रज्ञा महिला मंडल एवं क्षेत्र की पीत वस्त्रधारी बहनों एवं माताओं ने अपने सिर पर मंगल कलश धारण कर गीत संगीत के साथ वरुण देव की आवाहन पूजन कर गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर देव कलश की आरती पूजा की गई।

देवमंच पर ब्रह्म वादनी बहनों की टोली नायक तुलसी साहू द्वारा गुरुदेव, वंदनिया माताजी का दिव्य संदेश सुनाए तथा भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति एवं विभिन्न संस्कार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित तुलसी साहू, रेणुका गंजीर, चेतना चौहान, स्लेखा साहू, चम्पेश्वर साहू, डॉ गोपाल साहू, वरुण कुमार साहू, डोमन साहू थे।

प्रज्ञा पुराण कथा में व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यज्ञ एवं गायत्री मंत्र की महिमा की विस्तृत जानकारी दी। सायंकालीन दीप महायज्ञ में उपासना, साधना, आराधना पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य व सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर और पूर्व जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुरुर रुखमणी गंजीर के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्रामीण जन अपने घरों से दीप लेकर शामिल हुए और वेद मंत्रें के साथ नव युग के की स्थापना, मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिए दीप जला कर माहआरती किया गया। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा गायत्री मंत्र में ही बहुत बड़ी शक्ति है, जो व्यक्ति रोज गायत्री मंत्र का जप करता हैं उनका भविष्य उज्वल बन जाता है। गुरु और शिष्य की अत्यधिक रिश्ता है जिसमें गुरु अपने तप साधना का पुण्य शिष्य को प्रदान करता है। गायत्री परिवार प्रज्ञा महिला मण्डल एवं समस्त ग्रामवासी डांडेसरा के परिजन दीप यज्ञ में शामिल हुए। द्वितीय दिवस प्रातः 10 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न संस्कार के तहत 5 पुंसवन संस्कार, 21 विद्यारंभ संस्कार, 10 मुंडन संस्कार, 2 दीक्षा संस्कार, 1 अन्नप्रासन संस्कार किया गया। सभी परिजनों ने यज्ञ किया, अंत में यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। तत्पश्चात आरती, समस्त देवशक्तियों की विदाई के साथ चम्पेश्वर साहू द्वारा पाथेय संदेश के साथ टोली की बिदाई की गई। कार्यक्रम में संचालन चुम्मन अठभैया तथा आभार चंद्रकिरण अठभैया ने किया। यज्ञ में भोजनालय का प्रभार नवदुर्गा समिति डांडेसरा के भाईयों संभाला।

इस अवसर पर ग्राम के डॉ धीरपाल अठभैया, कुम्भन लाल कलिहारी, बोधी राम कलिहारी, चंद्रहास अठभैया, शिवकुमार अठभैया, हीरक मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, शंकर लाल साहू, जोहनी साहू, रामूलाल सिन्हा, शालिक राम साहू, अनूसुईया साहू एवं हीरक मंडल मोहारा के सभी ग्राम के अध्यक्षगण एवं डांडेसरा के समस्त माताएं, भाईयों, बहन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बासीन में आयोजित तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता पूर्व विधायक भैयाराम रहे मुख्य अतिथि





**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बासीन मे श्री समुद्र मंथन नवरत्न मानस प्रचार समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता मे मुख्य अथिति के रूप मे शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी को सफल धार्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा की रामायण से सबको सिख लेना चाहिए रामायण से ही परिवार भाई भाई मे मेल सहयोग की सिख मिलती है, धार्मिक आयोजनों से ही गांव मे शांति भाईचारा एकता का भाव उत्पन्न होता है। कार्यक्रम मे प्रमुख से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुमीत राजपूत, राजश्री क्षत्रिय, लाल खान, यादेंश्वर क्षत्रिय, सरपंच छगन साहू, सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## टेंगना बरपारा में मां शाकम्भरी जयंती धूमधाम से मनाई गई



**गुरूर।** मां शांकम्भरी दिवस टेंगना बरपारा में धूमधाम के साथ मनाई गई। ग्रामीण महिलाओं के द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई। ग्रामीणो के जगह जगह आरती उतारकर पूजा अर्चना की। गली भ्रमण पश्चात आंगनबाड़ी कलामंच के पास सभी कलश को एकत्रित कर मां शाकम्भरी की आरती पूजन की गई। समारोह के मुख्य अतिथि रिटायर शिक्षक एवं मंडलेश्वर चंदन सिन्हा ने कहा कि आज समाज को संगठित कर आगे बढाने के प्रेरित करना होगा। बच्चों को अच्छी संस्कार देना होगा। अध्यक्षता ग्राम विकास समिति अध्यक्ष भानू राम सिन्हा ने कहा कि संगठित समाज ही देश को महान बनाता है इसलिए समाज के सभी लोगो एक सूत्र मे पीरोने का प्रयास करें। सरपंच लक्ष्मी पटेल ने कहा कि सभी समाज के लोगो संगठित होकर काम करना होगा।तभी समाज आगे बढ पायेंगे। पूर्व जिला पंचायत सभापति ललिता साहू ने कहा कि आज शाकम्बरी दिवस है, समाज के लोग अनेक वेशभूषा धारण कर समाज में एकता का परिचय दे रहे है। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष धनोरा मोहन कलिहारी, भानुशिव शंकर सिन्हा, हिरदे राम सिन्हा, नंदकुमार सिन्हा, भुवननाथ योगी, प्रकाशचंद्र सिन्हा, टोपसाय निषाद, शिवप्रसाद नागवंशी अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। समाज के लोगो द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्रओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। अतिथियों ने खूब सराहा एवं पुरुस्कृत किये।



इस अवसर पर अध्यक्ष घुरऊ राम पटेल, कंवल सिह पटेल, रेखराम पटेल, निर्मल पटेल, आगधर पटेल, रामभऊ पटेल, जनक पटेल, हरिशचन्द्र पटेल, जेठू पटेल, शैलेन्द्री पटेल, सरिता पटेल, उमा पटेल, सुरेखा पटेल, पुष्पा पटेल, सुनेती पटेल एवं पटेल समाज के लोग उपस्थित थे।

## ग्राम दर्रा-खर्रा में 9 से संगीतमय श्री भागवत महापुराण कथा का आयोजन



**गुरूर।** विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दर्रा खर्रा में श्री राधा कृष्ण महिला समिति व ग्रामवासियों के सहयोग 09 जनवरी से 17 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। कथा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक उसके बाद भोजन प्रसादी भंडारा फिर पुनः 2.30 से 5.30 तक कथा होगा। जिसमें कथावाचक जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के शिष्य पंडित अमित सरस भारती झा ओम्कारेश्वर शिव मंदिर पलारी होंगे। ग्रामीण मुकेश साहू ने बताया कि प्रथम दिवस 9 जनवरी को शाम 4 बजे से कलश यात्र, वेदी पूजन स्थापना, गोकर्ण उपाख्यान होगा। द्वितीय दिवस श्रीमद्भागवत रचना, सुकदेव जन्म, परिच्छित जन्म कथा होगा। तृतीय दिवस वराह अवतार, कपिल चरित्र, सती चरित्र, धुरव चरित्र कथा होगा। चतुर्थ दिवस भरत चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, समुद्र मंथन कथा होगा। पंचम दिवस श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्म उत्सव, षष्ठम दिवस श्री कृष्ण बाल लीला, प्रेम लीला कथा होगा। सप्तम दिवस गोवर्धन लीला, कंस वध, रूखमणी मंगल चरित्र कथा होगा। अष्टम दिवस सुदामा चरित्र, परिच्छित मोक्ष, चढ़ोत्तरी शोभायात्रा निकाला जाएगा। नवम दिवस गीता प्रवचन तुलसी वर्षा, हवन पूजन, कपिला तर्पण संपन्न होगा।

## शिकारीटोला खरीदी केंद्र में धान उठाव नहीं होने से संकट, किसान परेशान



**कुसुमकसा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसुमकसा के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का समय पर उठाव नहीं होने से गंभीर स्थिति बन गई है। समिति परिसर में जगह की भारी कमी के कारण किसानों का धान समर्थन मूल्य पर परिसर के बाहर ही खरीदा जा रहा है।परिस्थिति यह है कि खरीदे गए धान की बोरियां भी समिति परिसर के बाहर खुले में छल्ली लगाकर रखी जा रही हैं, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। किसानों में चिंता है कि खुले में रखे धान की रात में चौकीदारी कौन करेगा और यदि नुकसान हुआ तो जिम्मेदारी किसकी होगी। धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में शासन द्वारा निर्धारित बफर लिमिट 8 हजार क्विंटल है, जबकि वर्तमान में लगभग पांच गुना से अधिक धान का स्टॉक केंद्र में जमा हो चुका है। धान का उठाव नहीं होने के कारण केंद्र में अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई है। सोमवार को समिति द्वारा कुल 71 किसानों के टोकन काटे गए थे, जिनमें से 67 किसान सुबह से ही अपना धान लेकर केंद्र पहुंच गए। ठंड की ठिठुरन के बीच किसान घंटों तक अपने नंबर का इंतजार करते नजर आए। समाचार लिखे जाने तक लगभग 20 किसानों का धान तौलना शेष था, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई। धान का उठाव शीघ्र नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में धान खरीदी और अधिक प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। किसान शासन-प्रशासन से जल्द धान उठाव की मांग कर रहे हैं, ताकि अव्यवस्था और नुकसान से बचा जा सके।

## इस्कॉन प्रचार केंद्र ने कीर्तन करके मनाया नववर्ष उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर



ग्राम धोबनपुरी में इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरूर द्वारा नव वर्ष का उत्सव बोनफ़ायर कीर्तन के साथ मनाया गया। 1 जनवरी को इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरूर द्वारा ग्राम धोबनपुरी में नव वर्ष का उत्सव मनाया गया।

■ आध्यात्मिक संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन

इस अवसर पर नगर संकीर्तन एवं बोनफ़ायर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे गाँव के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन केशव सखा दास के नेतृत्व में किया गया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि केवल हैपी न्यू ईयर कह देने से जीवन में वास्तविक परिवर्तन नहीं आता। जब तक मनुष्य अपने जीवन में भगवान, विशेषकर श्रीकृष्ण को स्थान नहीं देता, तब तक नया वर्ष भी पुराना ही बना रहता है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण सदा नवीन और सदैव ताजे हैं, इसलिए जब उन्हें जीवन में अपनाया जाता है, तभी हमारा जीवन और नव वर्ष वास्तव में नया बनता है। कार्यक्रम की शुरुआत नगर संकीर्तन से हुई, जिसके बाद सभी श्रद्धालु एकत्र होकर बोनफ़ायर कीर्तन में सम्मिलित हुए और अग्नि की परिक्रमा करते हुए हरिनाम संकीर्तन किया। साथ ही प्रलंबासुर खेल तथा हांडी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिनमें ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात एक विशेष फ़ूड मेला कृष्णा स्वादम् आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को खिचड़ी महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर के माध्यम से यह प्रेरक संदेश दिया गया कि नव वर्ष तभी वास्तव में नया होता है जब हम अपने जीवन में सदा नवीन श्रीकृष्ण का समावेश करते हैं और जीवन को आध्यात्मिकता से जोड़ते हैं।

## आप पार्टी ने धान खरीदी की समस्याओं पर सरकार से तत्काल समाधान की मांग की



**डौंडीलोहारा।** आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर किसानों को हो रही परेशानियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से तुरंत समाधान की मांग की है। पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने कहा कि धान खरीदी शुरू होने के बाद से किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही।

प्रदेश अध्यक्ष (किसान विंग) तारेंद्र चंद्राकर ने धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 बढ़ाकर 10 फरवरी करने और स्वर्णा धान को बारीक धान श्रेणी में शामिल करने की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने किसानों को भुगतान के लिए अन्य बैंकों की सुविधा, 25 हजार रुपये की किस्त प्रणाली समाप्त करने और खरीदी केंद्रों में फोटो अनिवार्यता हटाने की मांग की। प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला ने सरकार पर सोसायटियों में धान सूखत के भुगतान नहीं करने और लंबी देरी का आरोप लगाया।पार्टी ने सभी खरीदी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, एटीएम कार्ड और दैनिक 40 हजार रुपये निकासी की सुविधा सुनिश्चित करने की भी मांग की। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं, तो 5 फरवरी 2026 को प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
4 फरवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/- ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411